# !! कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलवर !!

क्रमांक : लेखा / फोटोकॉपियर्स / 2025–26 / 13477 दिनांक : 05/4/25

## –: निविदा सूचना : –

अलवर मुख्यालय तथा अलवर मुख्यालय से बाहर स्थित सभी न्यायालयों के लिए वित्तीय वर्ष–2025–26 हेतु दस्तावेजों की फोटोस्टेट के कार्य (लीगल साईज के 70 जी.एस.एम. पेपर पर) के लिए अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फोटो कॉपियर्स फर्म्स से दरें मुहरबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। फोटोस्टेट कॉपी कार्य का व्यवसाय करने वाली अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्म, निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें आदि संबंधित मुख्यालय पर स्थित वरिष्ठतम न्यायालय से निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें आदि प्राप्त कर सकते हैं तथा मुख्यालय अलवर हेतु इस कार्यालय की लेखा शाखा में निविदा शुल्क 200/–रू. जमा कराकर निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें आदि प्राप्त कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें आदि इस कार्यालय की विभागीय वेवसाईट **http://ecourts.gov.in/alwar** पर भी देखे एवं प्राप्त किये जा सकते हैं।

अलवर मुख्यालय से बाहर स्थित न्यायालयों के लिए मुहरबन्द निविदाऐं संबंधित मुख्यालय के वरिष्ठतम न्यायिक अधिकारी के समक्ष दिनांक 15.04.2025 को दोपहर 1:.00 बजे तक पहुँच जानी चाहिऐं तथा मुख्यालय अलवर के लिए भी निविदाऐं इस कार्यालय की लेखा शाखा में दिनांक 15.04.2025 को दोपहर 1:.00 बजे तक पहुँच जानी चाहिऐं। न्यायालयों में प्राप्त होने वाली निविदाओं को दि. 15.04.2024 को ही दोपहर 4.00 बजे संबंधित वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी / फोटोकॉपियर्स नियुक्ति समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थित में इन्तजार किये बगैर खोला जावेगा।

05.04.25
अध्यक्ष, फोटोकॉपियर्स नियुक्ति समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर

क्रमांक : लेखा / फोटोकॉपियर्स / 2025–26 / 13478–13479 दिनांक : 05/4/25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, अलवर।
2. सिस्टम ऑफीसर कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि संलग्न निविदा सूचना, निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तों का प्रपत्र एवं निविदादाता द्वारा घोषणा के प्रपत्र को इस कार्यालय की विभागीय वेवसाईट **http://ecourts.gov.in/alwar** एवं SPPP पर अपलोड करें।

05.04.25
अध्यक्ष, फोटोकॉपियर्स नियुक्ति समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर

Distt. & Session Judge * ALWAR * सत्यमेव जयते

निविदा प्रपत्र शुल्क 200/–रू.
(वापसी योग्य नहीं)

!! कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर (राज.) !!

फर्म का नाम एवं पता : ..........................................................................................

..........................................................................................

फोन नं./मोबाईल नं. : ..........................................................................................

आयकर पैन नं. : ..........................................................................................
(पैन कार्ड की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

## निविदा प्रपत्र

01 कार्य का नाम : मुख्यालय अलवर स्थित प्रतिलिपि शाखा के दस्तावेजों की छाया प्रतियाँ तैयार करने के कार्य बावत् दर संविदा वित्तीय वर्ष 2025–26

02 अनुमानित लागत : राशि 7,00,000/– रू. (रूपये सात लाख मात्र)।

03 अमानत राशि : 14000/–रू. जरिये डी.डी./बी.सी. संख्या .................. दि. ..........
(मूल बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न करें)

04 निविदा क्रमांक व तिथि : लेखा/फोटोकॉपियर्स/2025–26/............... दि.. .04.2025

05 मुहरबन्द निविदा प्रस्तुती की तिथि : ...................... को दोपहर ................ बजे तक।

06 निविदा खोलने की तिथि : ...................... दोपहर ................ बजे।

मैं / हम, न्यायालय के दस्तावेजों की, लीगल साईज के 70 जी.एस.एम. कागज के एक ओर की छाया प्रतियाँ तैयार करने की दर संविदा का कार्य निम्नलिखित दर प्रति कॉपी, संलग्न शर्तों (क्रम 1 लगायत 21 तक) को स्वीकार करते हुए, करने के लिए तैयार हूँ / हैं :–

01 फोटो स्टेट कार्य प्रति कॉपी दर ...................... (शब्दों में) ..........................................................

संलग्न :

(1) दर संविदा की शर्तों का प्रपत्र।
(2) निविदादाता द्वारा घोषणा का **Annexure - 'A'**
(3) मूल बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट **Rs. 14000/-**
(4) फोटोकॉपी कार्य का नमूना पत्र।
(5) ब्लैकलिस्ट ना होने का शपथ पत्र।

(हस्ताक्षर)
वास्ते–फर्म मालिक/पार्टनर
मय फर्म की सील

Distt. & Session Judge
ALWAR

## दर संविदा की शर्तें

01 बिना अमानत राशि जमा करवाये, प्रस्तुत की गई निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

02 निविदा दर मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जावेगी तथा अमानत राशि जरिये बैंकर चेक/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।

03 स्वयं के खर्चें पर दो फोटो स्टेट मशीन विद मैन न्यायालय परिसर में स्थित प्रतिलिपि शाखा में लगाने एवं स्वयं के खर्चें पर विद्युत व्यवस्था करनी होगी एवं विद्युत व्यय प्रभार तथा अपने संयत्रों की पूर्ण सुरक्षा यथा–बीमा, मरम्मत एवं अनुरक्षण आदि का भार स्वयं फोटोकॉपियर फर्म को ही वहन करना होगा।

04 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है। इस बावत् कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

05 नियत समय व तारीख के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं को रद्द कर दिया जावेगा।

06 दर संविदा की जाने वाली फर्म को अपने स्वयं के खर्चे पर राशि 500/–रू. के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प–पत्र पर एक अनुबन्ध–पत्र का निष्पादन कराना होगा। साथ ही नियमानुसार अनुमानित राशि का 05 (पाँच) प्रतिशत प्रतिभूति राशि जरिये बैंकर चेक/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी। पूर्व में जमा की गई अमानत राशि प्रतिभूति राशि में समायोजित होगी।

07 असफल निविदादाताओं को उनके द्वारा प्रस्तुत की गई अमानत राशि निर्धारित समय पश्चात् लौटा दी जावेगी।

08 सशर्त दर संविदा स्वीकार नहीं होगी तथा दरें अंको व शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित करनी होंगी।

09 दर संविदा दि. 31.03.2026 तक मान्य होंगी। इसके पश्चात् दोनों पक्षों की सहमति पर दर संविदा अवधि में वृद्धि भी की जा सकती है।

10 फोटो स्टेट का कार्य 70 जी.एस.एम. के लीगल साईज पेपर पर करना होगा। घटिया मैटेरियल का प्रयोग नहीं किया जावेगा। (कागज का नमूना फर्म की सील मय हस्ताक्षर संलग्न किया जावे)।

11 न्यायालय द्वारा आदेशित कार्य को फर्म द्वारा प्राथमिकता से समय पर ही करना होगा जिसमें असफल रहने पर संविदाकर्ता फर्म को सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम/आर.टी.पी.पी. एक्ट 2013 के अनुसार दण्ड से आरोपित किया जा सकता है।

12 फोटो कॉपी की दरें कागज के एक ओर की ही निविदत्त की जावें। कागज की दोनों ओर फोटो कॉपियाँ स्वीकार नहीं की जावेगी।

13 फोटो स्टेट कार्य हेतु समस्त रिकॉर्ड न्यायालय के कार्मिक द्वारा ही उपलब्ध कराया जावेगा एवं फोटो स्टेट कार्य करने के दौरान रिकॉर्ड की गोपनीयता एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी अनुबंधित फोटोकॉपियर फर्म की ही होगी। आवश्यकता होने पर अवकाश के दिवस में भी फोटो स्टेट कार्य करना होगा।

14 आदेशित फोटोकॉपी कार्य हेतु रिकॉर्ड विभागीय कार्मिक द्वारा कार्यालय समय के आरम्भ में संभलवाया जावेगा एवं प्राप्त होते ही तुरन्त फोटोस्टेट कार्य कर विभागीय कार्मिक को लौटाना होगा।

15 अनुबंधित फोटोकॉपियर फर्म को फोटो स्टेट कार्य का भुगतान प्रतिदिन ही किया जावेगा जिसकी प्राप्ति रसीद विभागीय कार्मिक को राशि प्राप्त होते ही सँभलानी होगी।

16 फोटो कॉपी से प्राप्त आय पर प्रचलित नियमों तहत् कोई कर बनता है तो नियमानुसार स्त्रौत पर कर की कटौती की जाकर भुगतान किया जावेगा।

17 अनुबंधित फोटोकॉपियर फर्म द्वारा किसी कारणवश फोटो स्टेट कार्य न कर सकने की स्थिति में अन्यत्र कार्य करवाने की व्यवस्था स्वयं के स्तर पर करनी होगी अथवा अनुबंधित फर्म की रिस्क एवं कोस्ट पर बाजार से कार्य करवाये जाने पर होने वाले हर्जे–खर्चें का वहन अनुबंधित फोटोकॉपियर फर्म द्वारा ही करना होगा।

18 निविदा के साथ, हस्ताक्षरित निविदादाता द्वारा घोषणा प्रपत्र (Annexure - 'A') भी संलग्न करना होगा साथ ही फोटोकॉपी फर्म को पूर्व में किसी अन्य विभाग/संस्था द्वारा ब्लैकलिस्ट नही होने का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

19 फर्म का कार्य संतोषप्रद नही होने अथवा फर्म के विरूद्ध किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी साथ ही सफल निविदत्त फर्म द्वारा निविदा होने के उपरान्त फर्म के द्वारा यदि कार्य नही किया जाता तो उसकी अमानत जमाशुदा राशि जब्त की जावेगी तथा फर्म के ब्लैक लिस्ट होने की कार्यवाही पृथक से की जावेगी।

20 विभागीय वेवसाईट से डाउनलोड की गई निविदाओं के लिए निविदा शुल्क 200/–रू. पृथक से जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर में निविदा प्रस्तुत करते समय जमा कराना होगा।

21 समस्त विधिक कार्यवाही यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, तो किसी भी पक्षकार द्वारा अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित सक्षम न्यायालय में ही प्रवृत्त की जावेगी।

Distt. & Session Judge ALWAR

(हस्ताक्षर)
वास्ते–फर्म मालिक/पार्टनर
मय फर्म की सील

**Annexure - 'A'**

## निविदादाता द्वारा घोषणा

न्यायालय के दस्तावेजों की फोटो स्टेट कॉपी कार्य से संबंधित समस्त जानकारी/शर्तों का मैंने/हमने अच्छी तरह से अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर का निर्णय हमारे लिये मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में चाहा गया कार्य मेरी/हमारी फर्म द्वारा वास्तव में किया जाता है तथा वांछित मशीन/उपकरण/ तकनीकी अनुभव व तकनीकी कार्मिक हमारे पास उपलब्ध हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म को, राज्य सरकार/बोर्ड/निगम/स्वयात्तशासी संस्थान/बैंक/ विश्वविद्यालय आदि के द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया हुआ है। प्रतीक स्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर मैंने/हमने हस्ताक्षर (मय फर्म सील) कर दिये हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाती है तो किसी भी अन्य कार्यवाई, जो की जा सकती है, की जावे तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

दिनाँक :

Distt. & Session Judge ALWAR

निविदादाता के हस्ताक्षर मय रबड़ सील

निविदादाता का नाम :

पूर्ण पता :

टेलीफोन नं0 : (निवास)

(कार्यालय)